Breast Cancer Awareness

Breast cancer is the most common cancer among women in India, with approximately two lakh new cases diagnosed every year. A large share of patients are still identified only at an advanced stage, when treatment is often more complex, more costly and associated with poorer outcomes.

Awareness, regular self-examination and community-level screening are crucial for detecting the disease early and improving survival. Breast cancer is highly treatable when found in time, and early detection remains the most effective way to reduce deaths from the disease.

To improve access to early detection services, the Government of India included breast cancer in the population-based screening for common non-communicable diseases under the National Programme for Prevention and Control of Non-Communicable Diseases. Clinical breast examination is carried out at Ayushman Arogya Mandirs and community health centres by trained health workers. Women with suspicious findings are referred to district hospitals, where mammography, ultrasound and biopsy facilities are available. Trained ASHA workers and ANMs are conducting door-to-door awareness drives and teaching women the technique of breast self-examination. Special screening camps are also being organized in rural, tribal and remote areas.

Women confirmed with breast cancer are counseled and treated at District Cancer Care Centres and Tertiary Cancer Centres linked with the district hospitals. Surgery, chemotherapy, radiotherapy and follow-up care are provided under Ayushman Bharat PM-JAY. National NCD portal has been developed for registering, referring and tracking women through screening, diagnosis and treatment.

Technical support for training and quality assurance of screening is provided by AIIMS, other medical colleges and tertiary care hospitals. Training is conducted for medical officers, staff nurses, ANMs and CHOs.

A screening card and follow-up booklet have been developed to ensure that every woman screened receives timely re-examination, treatment and regular medical review. It also aims to maintain a record of each woman's screening history so that no case is lost to follow-up.


The Department of Posts is pleased to release a souvenir sheet containing two commemorative postage stamps on Breast Cancer Awareness, reinforcing the national commitment to early detection, timely treatment and improved outcomes for women across India.

Credits:

Souvenir Sheets, FDC, Brochure,
Cancellation Cachet : Kamleshwar Singh
Text : Based on the content provided by the WHO

डाक विभाग
DEPARTMENT OF POSTS

भारतीय डाक
डाक सेवा-जन सेवा
India Post
Dak Sewa-Jan Sewa



स्तन कैंसर जागरूकता

BREAST CANCER AWARENESS



विवरणिका BROCHURE

स्तन कैंसर जागरूकता

स्तन कैंसर भारत में महिलाओं में पाया जाने वाला सबसे आम कैंसर है। हर वर्ष, इसके लगभग दो लाख नए मामले सामने आते हैं। दुर्भाग्यवश, आज भी इसके अधिकांश रोगियों की पहचान एडवांस स्टेज में ही हो पाती है; जिससे इसका उपचार प्रायः जटिल एवं खर्चीला हो जाता है और अपेक्षित परिणाम नहीं मिल पाते हैं।

इस रोग का समय रहते पता लगाने और रोगी का जीवन बचाने की संभावनाओं को बढ़ाने के लिए इस संबंध में जागरूकता, नियमित स्व–परीक्षा और समुदाय–स्तरीय स्क्रीनिंग का अत्यधिक महत्व है। स्तन कैंसर का सही समय पर पता लगने पर इसके पूरी तरह से ठीक होने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। इसके अलावा, समय पर पहचान, इससे होने वाली मौतों को कम करने का सबसे प्रभावी तरीका है।

स्तन कैंसर का समय रहते पता लगाने संबंधी सुविधाओं को और अधिक सुलभ बनाने हेतु भारत सरकार ने इसे 'राष्ट्रीय गैर–संचारी रोग रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम' के तहत सामान्य गैर–संचारी रोगों की व्यापक स्तरीय जांच सूची में शामिल किया। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा नैदानिक स्तन जांच की जाती है। संशय होने पर संबंधित महिलाओं को जिला अस्पतालों में भेजा जाता है, जहां मैमोग्राफी, अल्ट्रासाउंड और बायोप्सी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके अलावा, प्रशिक्षित आशा कार्यकर्ताओं और एएनएम द्वारा घर–घर जाकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है और महिलाओं को स्तन के स्व–परीक्षण की तकनीक सिखायी जा रही है। साथ ही, ग्रामीण, आदिवासी और दूरदराज के क्षेत्रों में इसके लिए विशेष जांच शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं।

स्तन कैंसर से पीड़ित महिलाओं की काउंसलिंग और उपचार जिला अस्पतालों से जुड़े जिला कैंसर देखभाल केंद्रों और तृतीयक कैंसर केंद्रों में किया जाता है। आयुष्मान भारत पीएम–जेएवाई के तहत सर्जरी, कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी की जाती है और फॉलो–अप देखभाल भी प्रदान की जाती है। परीक्षण, रोग–पहचान और उपचार के लिए महिलाओं को पंजीकृत, रेफर और ट्रैक करने हेतु राष्ट्रीय एनसीडी पोर्टल विकसित किया गया है।

प्रशिक्षण और स्क्रीनिंग की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए एम्स, अन्य मेडिकल कॉलेजों एवं तृतीयक देखभाल अस्पतालों द्वारा तकनीकी सहायता प्रदान की जाती है और चिकित्सा अधिकारियों, स्टाफ नर्सों, एएनएम व सीएचओ के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

जांची गई प्रत्येक महिला को समय पर दोबारा परीक्षण, उपचार और नियमित चिकित्सा समीक्षा सुविधा प्रदान करना सुनिश्चित करने के लिए स्क्रीनिंग कार्ड और अनुवर्ती पुस्तिका विकसित की गई है। इसका एक उद्देश्य प्रत्येक महिला के स्क्रीनिंग–इतिहास का रिकॉर्ड अनुरक्षित करना भी है ताकि कोई भी मामला ऐसा न हो, जो बिना फॉलो–अप किए छूट जाए।

डाक विभाग स्तन कैंसर जागरूकता पर दो स्मारक डाक टिकटों वाली एक सोविनियर शीट जारी करते हुए प्रसन्नता का अनुभव करता है। यह अभियान समस्त भारत में महिलाओं में इस रोग की शीघ्र पहचान, समय पर उपचार और बेहतर परिणामों के प्रति राष्ट्रीय प्रतिबद्धता पर बल देता है।

आभारः

सोविनियर शीट, प्रथम दिवस आवरण, विवरणिका,

विरूपण कैशे : कमलेश्वर सिंह

पाठ : डबल्यूएचओ द्वारा प्रदत्त सामग्री पर आधारित

तकनीकी आंकड़े
TECHNICAL DATA

मूल्य	:	2500 पैसे (2)
Denomination	:	2500 p (2)
मुद्रित सोविनियर शीटें	:	111000
Souvenir Sheets Printed	:	111000
मुद्रण प्रक्रिया	:	वेट ऑफसेट
Printing Process	:	Wet Offset
मुद्रक	:	प्रतिभूति मुद्रणालय, हैदराबाद
Printer	:	Security Printing Press, Hyderabad

The philatelic items are available for sale at Philately Bureaus across India and online at http://www.epostoffice.gov.in/PHILATELY_3D.html

© डाक विभाग, भारत सरकार। डाक टिकट, प्रथम दिवस आवरण तथा सूचना विवरणिका के संबंध में सर्वाधिकार विभाग के पास है।

© Department of Posts, Government of India. All rights with respect to the Stamps, Miniature Sheets, First Day Cover and Information Brochure rest with the Department.

मूल्य ₹ 15.00